देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर

प्रेस–विज्ञप्ति

इन्दौर, 22 जुलाई 2022। ईएमआरसी, देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर के छात्र प्रांजल जोशी एवं अनिकेत त्रिवेदी द्वारा निर्देशित एवं लिखित शॉर्ट फिल्म ''मेला'' (अंग्रेजी शीर्षक : कार्निवाल) का चयन स्टूडेंट ऑस्कर के लिए हो गया है। एकेडमी अर्वाड्स (आस्कर) की सभी कैटेगरीज – Alternate/Experimental; Animation (एनिमेशन); Documentary (डाक्यूमेंट्री) और Narrative (नैरेटिव); वर्ग में सिर्फ भारत ही नहीं, बल्कि पूरे एशिया से केवल इस एक फिल्म का चयन हुआ है। इस फिल्म को इंटरनेशनल नैरटिव कैटेगरी के अंतर्गत प्रदर्शित किया जायेगा।

फिल्म को इसके अलावा देश विदेश के 25 अलग–अलग फिल्म फेस्टिवल्स में प्रदर्शित किया जा चुका है। फ्रांस, इटली, ग्रीस, स्पेन, अमेरिका और इंग्लैंड समेत सभी देशों में फिल्म को सराहा जा रहा है। फ्रांस के एक फेस्टिवल में यह फिल्म अर्वाड भी जीत चुकी है। अब यह दुनिया के सबसे बड़े अर्वाड– ऑस्कर के स्टूडेंट सेक्शन के लिए प्रतियोगिता में है।

मेला एक चिल्ड्रन ड्रामा जॉनर फिल्म है। अपनी रोजमर्रा की जिन्दगी के तमाम संघर्षो से गुजरते हुए 3 बेघर बच्चे कुछ पैसे जमा करने की जद्दोजहद में लगे हैं, मौका है शहर में लगा मेला। लेकिन उस रात के उलट–फेर से बेखबर ये मासूम नहीं जानते कि आने वाला वक्त रोमांच से भरा होगा या होगी एक दुर्घटना! इस फिल्म में यश कान्हेरे, आदित्य चोलकर और वंश गॉधी ने प्रमुख भूमिका निभाई है। फिल्म की पूरी टीम में ईएमआरसी के विद्यार्थी ही हैं।

फिल्म का लेखन, निर्देशन एवं एडिटिंग प्रांजल जोशी एवं अनिकेत त्रिवेदी द्वारा किया गया है। सिनेमेटोग्रॉफी अनिकेत त्रिवेदी, कुणाल राव एवं अथर्व भावे ने की है। सहायक निर्देशक प्रणय त्रिपाठी एवं साउंड रिर्काडिंग प्रणित जौंजाल द्वारा की गई है।

डॉ. चन्दन गुप्ता
मीडिया प्रभारी